एक नजर में

चामुंडा माता मंदिर मऊ में विशाल भंडारा सम्पन्न

सुठालिया 03 अक्टूबर, सं. शारदीय नवरात्रि के समापन पश्चात मंदिरों में हवन पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया जा रहा है . बीती शुक्रवार रात को ग्राम मऊ स्थित प्राचीन मां चामुंडा माता मंदिर परिसर में महाआरती के साथ विशाल भंडारा हुआ जिसमें बड़ी तादाद में सुठालिया,मऊ सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की. व्यवस्थाओं में सुठालिया पुलिस व श्रद्धालु लगे रहे. यहां हुए हवन शांति आयोजन के मुख्य यजमान थाना प्रभारी प्रवीन जाट रहे जिन्होने शुक्रवार दोपहर सपत्नीक हवन किया ओर कन्याओं के पेर पूजन किए . भंडारे में मप्र शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी सहित जिले के पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मी राजनीतिक दलों के नेता पदाधिकारी गण सामाजिक कार्यकर्ता आदि शामिल हुए . भंडारे में सुठालिया थाना के पुलिस कर्मी एवं मऊ के युवाओं सहित चामुंडा मंदिर विकास सेवा समिति के सदस्य श्रद्धालु व पुलिसकर्मियों का सराहनीय सहयोग रहा .

वरिष्ठ समाज सेवी कालूराम पुष्पद ने पंचायत को दिये 55 हजार रुपये

सारंगपुर 03 अक्टूबर, सं. वरिष्ठ समाज सेवी कालूराम पुष्पद लाईन मेन द्वारा गुरुवार को दशहरा पर्व पर श्रीराम मंदिर में फुलमाली समाज के भेरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद एवं सचिव सुरेश पुष्पद को समाज के निर्माण कार्य के लिए 55हजार रूपये नगद दिये . जिस पर समाज जनो ने उनका मंगल तिलक एवं साफा बांध कर स्वागत किया और आभार व्यक्त किया स्वागत कर्ता मोती लाल माली,संतोष पुष्पद, कमल पुष्पद,काशीराम पुष्पद, खेमराज पुष्पद,सतीश पुष्पद, अनिल पुष्पद,रामेश्वर पुष्पद लोकेश पुष्पद, कार्तिक पुष्पद, जीवन पुष्पद,पंकज पुष्पद, धर्मेंद्र पुष्पद,श्रवण पुष्पद, रामस्वरूप पुष्पद, धीरज पुष्पद, राहुल पुष्पद सहित अन्य समाज जन उपस्थिति थे. भंडारे का आयोजन नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन शहर के विभिन्न झांकी पंडालो मां दुर्गा की विदाई के पूर्व हवन पूजा का आयोजन के साथ कन्या भोज का आयोजन रखा गया . वहीं भेरू दरवाजा पंचायत श्री राम मंदिर वार्ड क्रमांक 10 में मां दुर्गा की विदाई के पूर्व कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया . जिसमें समाजजन के साथ अन्य सामाजिक लोगों द्वारा माताजी का प्रसाद ग्रहण किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थिति थे .

गांधी जी और शास्त्री जी को दी पुष्पांजलि

तलेन 03 अक्टूबर, सं. भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्रीजी एवं महात्मा गांधी जी की जन्म जयंती के अवसर पर बस स्टेण्ड पर आज पुष्पांजलि अर्पित की गयी. आज भाजपा तलेन मंडल के कार्यकर्ताओ ने दोनों महापुरुषों की फोटो और पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया. कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष चंदर सिंह यादव उस्ताद ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डाला. सांसद प्रतिनिधि कैलाश मोहन यादव ने शास्त्री जी के जीवन और देश में योगदान के बारे में विस्तृत रूप से बताया . इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार पूर्व पार्षद अवध नारायण उपाध्याय, पूर्व पार्षद दिनेश यादव, भाजपा नेता मनोहर यादव ठेकेदार लाटाहेड़ी, सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक मानसिंह यादव फौजीसरकार, पार्षद प्रतिनिधि रामबाबू कुशवाह, वरिष्ठ नेता अमृतलाल यादव, पवन यादव आदि मौजूद रहे .

जिले भर में उल्लास से मनाया असत्य पर सत्य की विजय का पर्व, आकर्षक रथयात्राएं पहुंची दशहरा मैदान पर, मौसम रहा मेहरबान

सत्य के बाण से धूमिल हुए असत्य के ऊंचे पुतले

सारंगपुर 65 फीट

राजगढ़ 51 फीट

ब्यावरा 51 फीट

तलेन 35 फीट

ब्यावरा में नवीन दशहरा मैदान पर हुआ पुतला दहन

राजगढ़ में हिन्दू उत्सव समिति ने माना आभार

राजगढ़ 03 अक्टूबर, का. नगर में नवीन दशहरा मैदान पर विजयादशमीं का पर्व मनाया गया . इसके लेकर लंबे समय से प्रशासन और हिन्दू उत्सव समिति तैयारियों में लगी थी . हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष हर्षांत इंग्ले ने सभी नागरिकों, प्रशासन, समाज के पदाधिकारियों, कलाकारों और नगर परिषदक के कर्मचारियों, सदस्यों का आभार प्रकट किया है . उन्होंने बताया कि दशहरा चल समारोह एवं रावण दहन कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने में नगर के जनप्रतिनिधियों, पुलिस प्रशासन, नगरपालिका समाजसेवियों, पत्रकार बंधुओं तथा नगर के सभी गणमान्य नागरिकों का जो सहयोग और सहभागिता प्राप्त हुआ, वह वास्तव में अनुकरणीय और प्रेरणादायी है . उन्होंने बताया कि सभी के उत्साह, समर्पण और सहयोग से ही यह आयोजन ऐतिहासिक बना . हिंदू उत्सव समिति परिवार की ओर से सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है . आयोजन में करीब 40 से अधिक कलाकारों ने राम, लक्ष्मण, हनुमान और रामचरितमानस से जुड़े विभिन्न पात्रों के किरदार निभाए . साथ ही आकर्षक चल समारोह निकाला गया .

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 03 अक्टूबर, का. असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व नगर सहित जिले भर में परंपरानुसार मनाते हुए अहंकारी रावण के पुतलो को दहन किया गया.

जिले के सारंगपुर में सबसे अधिक 65 फीट हाइट के रावण पुतले का दहन किया गया. पचोर में 55 फीट तथा ब्यावरा में 51 एवं राजगढ़ में 50 फीट हाइट के पुतले का दहन किया गया.

ब्यावरा में अजनार नदी के तट पर पंचमुखी मंदिर के समीप नवीन दशहरा मैदान में 51 फीट के पुतले का दहन किया गया. नपा द्वारा कई दिनों से नवीन मैदान को व्यवस्थित किया जा रहा था. पहली बार में ही काफी कुछ बेहतर व्यवस्था यहां रही. **मैदान के बाहर भी रही भीड़**-नवीन मैदान में काफी जगह होने से बड़ी संख्या में नागरिकों ने मैदान में पहुंचकर रावण दहन कार्यक्रम को देखा. वहीं मैदान के बाहर आसपास भी बड़ी तादाद में लोग खड़े होकर रावण दहन देख रहे थे. प्राचीन श्री चर्तुभुजनाथ मंदिर से भगवान का विमान तथा श्री बिहारीजी मंदिर से झांकी दशहरा मैदान पहुंची. जहां पूजा अर्चना, आरती पश्चात रावण के पुतले का दहन किया गया. रंगारंग आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला. इस बार मंच पर कलाकारों द्वारा रामधुन के साथ सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई.

सारंगपुर में दो स्थानों पर हुआ रावण दहन

सारंगपुर 03 अक्टूबर, सं. शहर में बुराई पर अच्छाई की विजय पर्व पर सार्वजनिक हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में गुरुवार 3 बजे अंबे माता मंदिर से विशाल चलसमारोह निकाल कर नगर में दो अलग-अलग स्थानों पर बुराई के प्रतिक रावण का पुतला दहन कर विजया दशमी का पर्व मनाया गया. रथ पर भगवान श्री राम लक्ष्मण हनुमान की भव्य झांकी सवार होकर बेड बाजे के साथ चल समारोह के साथ प्रारंभ हुई. उत्कृष्ट मैदान में समारोह का स्वागत सद्भावना मंच, दुर्गा उत्सव समिति, महादेव मित्र मंडल, मां दुर्गा उत्सव समिति, जय माता दी ग्रुप सहित रास्ते भर में मौजूद समाजसेवी व सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ किया गया. चल समारोह दशहरा मैदान पहुंचते ही रंगारंग आतिशबाजी के साथ 65 फीट ऊंचे रावण का दहन अतिथि राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल की उपस्थिति में किया गया. कार्यक्रम का संचालन सुशील व्यास ने किया. वही हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला द्वारा समिति के वरिष्ठ समाज सेवियों का सम्मान किया गया तथा एक दूसरे के गले मिलकर विजयादशमी की शुभकामनाएं दी. इस दौरान पूर्व विधायक कुंवर कोठार, पूर्व नपाध्यक्ष पंडित ललित पालीवाल, हरिहर मिलन समिति के आयोजन अनिल बारीकियां, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वी टेटवाल, पूर्व सकल पंच फुलमाली समाज अध्यक्ष संतोष पुष्पद,भेरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद, कैलाश वर्मा प्रदीप सदानी, महेश पाटीदार, सुनील धनगर,वरिष्ठ पार्षद गोपाल पाल, पूर्व पार्षद सतीश गिरजे, महेश पाटीदार,सहित बढ़ी संख्या में लोग शामिल हुए. सुरक्षा व्यवस्था में एसडीओपी अरविंद सिंह, सारंगपुर थाना प्रभारी अपने पुलिस बल के साथ नगर और चल समारोह की सुरक्षा में मुस्तैद रहे.

पडाना में 31 फीट पुतले का किया दहन

ग्राम पडाना में हिंदू उत्सव समिति तत्वाधान मैं 31 फ़ीट रावण के पुतले का दहन हुआ. नरसिंह मंदिर स्थान से भगवान राम लक्ष्मण और हनुमान की झांकी सजाकर अखाड़े के साथ चल समारोह गांधी चौक टेंपो स्टैंड पहुंच तत्पश्चात मगराना रोड पर स्थित दशहरा मैदान परिसर पहुंचा जहां ग्राम पटेल द्वारा विधिवत रूप पूजन इत्यादि कर 31 फीट के अहंकारी रावण के पुतले का दहन किया गया. इस मौके पर हिंदू उत्सव समिति सदस्य द्वारा ग्राम पटेल संतोष पाटीदार पंचायत सरपंच गोकुल प्रसाद दुगारिया वरिष्ठ समाजसेवी मोहनलाल शर्मा कुंजीलाल परमार मुकेश जलोदिया यशवंत माली शिवनारायण पुष्पद कैलाश परमार रमेश गुर्जर सहित स्थानीय पुलिस,अखाड़ा कलाकारों में उस्तादों एवं अन्य लोगों का साफा बाधंकर स्वागत व सम्मान किया गया.

सुठालिया में आतिशी नजारे देखने उमड़ा जनसैलाब, राज्यमंत्री शामिल

सुठालिया 03 अक्टूबर, सं. नगर के पीला खाल खेल मैदान पर दशहरा पर्व के दौरान रंगीन आतिशबाजी के साथ रात्रि नौ बजे 31 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन हुआ . परंपरा अनुसार शाम को परलापुरा से शोभायात्रा निकाली गई . नरसिंह मंदिर का विमान शोभायात्रा के साथ ट्रेक्टर ट्राली में विराजमान था . शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान पहुंची जहां राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार नप अध्यक्ष प्रतिनिधि उपाध्यक्ष पार्षदगण व बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण आदि ने मर्यादा पुरुषोतम श्रीराम सहित समूची वानर सेना भगवान के विमान की पूजा अर्चना कर आरती उतारी .वही अखाड़ा व रावण बनाने वाले कलाकारों का सम्मान किया गया तत्पश्चात आकर्षक आतिशबाजी की गई एवम राम रावण युद्ध हुआ ओर अंत में भगवान श्री राम ने अग्निबाण से रावण के पुतले को अग्नि के हवाले किया .रावण दहन स्थल पर हजारों की संख्या में नगर सहित आसपास गांव के पुरुष महिलाएं बच्चे शामिल हुए . इस मौके पर प्रभारी तहसीलदार सीएमओ थाना प्रभारी पुलिस प्रशासन की व्यवस्था चाक चौबंद रही .

तलेन में 35 फीट के रावण का दहन

तलेन 03 अक्टूबर, सं. नगर की हिंदू धार्मिक उत्सव समिति के तत्वाधान में चल समारोह नगर में निकला गया . चल समारोह बैंड बाजे के साथ भगवान के विमान व आंखाडो के साथ शाम 5 बजे प्रारंभ हुआ .चल समारोह में शामिल अखाड़े के उस्तादों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाएं . वही खंडवा से आए दयाराम पटेल के अखाड़े के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज करतब दिखाए . हंदू धार्मिक उत्सव समिति के द्वारा, राम लक्ष्मण हनुमान बने पात्रों व अखाड़े के उस्तादों, प्रशासनिक अधिकारियों का साफा पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया . नगर पटेल व नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव द्वारा भगवान की पूजा अर्चना की गई तथा नगर परिषद द्वारा बनाए गए 35 फीट ऊंचे बने रावण का दहन किया गया . वहीं अवस्थाओं के चलते दशहरे मैदान पर गए लोगों आते समय भारी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा . दशहरा दहन के पूर्व लगभग 30 मिनट तक झमाझम बारिश हुई . लेकिन विजयदशमी पर्व पर असर नहीं कर पाई .

भक्तिभाव के साथ की मां भवानी की प्रतिमाएं विसर्जित

नवभारत न्यूज

जीरापुर 03 अक्टूबर, सं. शारदीय नवरात्रि महोत्सव के समापन अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ नगर के छापी बांध पर किया गया. गरबा पांडाल एवं झांकियां में मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजित की गई थी. सुबह से मां दुर्गा भवानी के विराजित स्थल विसर्जन के लिए हवन किया गया एवं विसर्जन शोभायात्रा में भक्ति गीतों, डीजे की धुनों और जयकारों के बीच भक्तों ने माता रानी को विदाई दी.

नगर के प्रमुख मार्गों बुधवारिया बाजार, अटल चौक, इंदर चौराहा, आवास कॉलोनी होते हुए छांपी बांध पर माता की प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ. शोभायात्रा का समापन स्थानीय जलाशय छापीडेम पर हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया. छापी डेम पर सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए गए जहां पर थाना प्रभारी रवि ठाकुर द्वारा पुलिस बल ,नगर परिषद सीएमओ हरिओम शर्मा द्वारा परिषद कर्मचारी व मछुआरा टीम लखन मेवाड़ा द्वारा सभी प्रतिमाओं को नाव में रहकर छापीडेम में विसर्जित किया गया. इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता से सुख-समृद्धि और नगर के कल्याण की कामना की. वातावरण जय माता दी के नारों से गूंज उठा और भक्त भाव-विभोर होकर विदाई में शामिल हुए.

लावनी बालाजी पर भण्डारा आयोजित

सुठालिया 03 अक्टूबर, सं. लावनी स्थित बालाजी सरकार मंदिर पर शारदीय नवरात्र के दौरान चल रहे अखंड रामायण पाठ का गुरूवार दशहरे के दिन विधिवत हवन शांती पूजा अर्चना के साथ समापन हुआ. नगर के प्रतिष्ठित जैन परिवार ने अपनी वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी नगर भंडारे का आयोजन किया. जिसमें सुबह 11 बजे से सांयकाल 5 बजे तक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया. उल्लेखनीय है कि इस प्राचीन पुश्तैनी मंदिर का जीर्णोद्धार सन् 2019 में जैन परिवार द्वारा किया गया था. जैन परिवार के वरिष्ठ सदस्य पूर्व सरपंच रमेश जैन ने काफी व्यथित होते हुए बताया कि प्रतिवर्ष दशहरे पर परिवार द्वारा आयोजित भंडारे में नगर व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं को खनोटा जोड़ से मंदिर तक आने-जाने में काफी परेशानियां उठानी पड़ती है. यही नहीं इस प्राचीन मंदिर पर पूरे वर्ष भर आयोजन होते रहते है जिनमें दर्शनार्थियों और श्रद्धालुओं का आगमन होता रहता है. जबकि मुख्य मार्ग से मंदिर तक की दूरी लगभग आधा किलोमीटर से भी कम है. श्रद्धालुओं द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का कई बार सड़क निर्माण हेतु ध्यानाकर्षित करा कर अनुरोध किया जा चुका है.

पड़ाना में कोलकाता की तर्ज पर हुआ भव्य आयोजन

दिव्य रथ पर सवार होकर निकली मां आशापुरी की यात्रा

नवभारत न्यूज

पडाना 03 अक्टूबर, सं. ग्रामीण जन सहयोग एवं मां आशापुरी मित्र मंडल के तत्व धान में वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वाह करते हुए गुरुवार नवमी की मध्य रात्रि पश्चात रात्रि 4 बजे सदर बाजार रोड पर स्थित श्री बड़े गणेश मंदिर एवं बैंक वाली मां अंबे माता मंदिर से ढोल डमरू घुंघरू एवं शंख की धुन के साथ कोलकाता की तर्ज पर मां अंबे का रथ प्रारंभ हुआ. जो 125 मीटर की लंबी रंगोली पर से गुजरता हुआ गांधी चौक टेंपो स्टैंड घटस्थापना मंच पर सुबह 5.15 पहुंचा. इस दौरान परंपरा अनुसार रथ के आगे आगे रथ की सुरक्षा हेतु दो युवकों को काले गोरे का स्वरूप देकर की मां अंबेकर रथ से लेकर घट स्थापना मंच तक दौड़ाया गया वही रथ पर छे युवकों को काली दुर्गा इत्यादि देवी का स्वरूप देकर हाथों में शस्त्र एवं प्रज्वलजीत खप्पर धारण करवा कर बैलगाड़ी रथ पर सवार किया. जहां एक युवक को बड़ी देवी का स्वरूप देकर आसीन किया रथ में सवार देवी एवं काले गोरे को घटस्थापना मंच पर आसीन बड़ी देवी के समीप बैठाया तत्पश्चात प्रात: आरती एवं भोग लगाकर प्रसाद वितरण की. हमेशा की तरह इस वर्ष भी बिसेन मित्र मंडल के तत्वधान में घटस्थापना मंच से बैंक वाली मां अंबे माता मंदिर तक दूरी 125 मीटर लंबी एवं दो मीटर चौड़ी सड़क मार्ग पर 10 क्विंटल से अधिक विभिन्न रंगों एवं पुष्पों पंखुड़ियां से फूल पत्ती स्वागत कलश स्वस्तिक मानव एवं जीव जंतु आकृति की विभिन्न रंगोली रात्रि 10 बजे से रात्रि 2 बजे सुरेंद्र बिसेन विपिन शरद मुकेश आशीष बंटी अशोक मानव रोहन केशव लखन मोनु दीपक संजू सुभाष अन्य युवक एवं बालिकाओं द्वारा आकर्षक सजावट दी गई. इसी दौरान घट स्थापना मंच पर पूरी रात बावड़ी खेड़ा अकोदिया भजन कलाकार दीपक राजपूत टीम एवं पडाना जुझार सिंह परमार कैलाश बृजमोहन इत्यादि द्वारा एक से बढ़कर एक माता रानी के भजनों की प्रस्तुतियां दी गई. वही बैंक वाली मां अंबे माता परिसर में भी मनोज पुष्पद चिपु परमार राकेश पाटीदार इत्यादि द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी.

प्रतिभा सम्मान **श्री अंजनीलाल धाम पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मिला सम्मान**

ट्रॉफी और प्रमाण पत्र पाकर हर्षित हुए विजयी प्रतिभागी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 03 अक्टूबर, का. श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के उत्कृष्ट प्रतिभागी बच्चो को विजयादशमी पर्व पर विशेष समारोह में सम्मानित किया गया. पुरस्कृत प्रतिभागी प्रफुल्लित हुए. उन्हें नगर के प्रमुख जनप्रतिनिधियों , अधिकारियों ने सम्मानित किया गया. अतिथियों के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी, पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष दिलवर यादव, नपाध्यक्ष पवन कुशवाह, एसडीएम गोविन्द कुमार दुबे, तहसीलदार सुभाष अलावे आदि मौजूद थे. पुरस्कार पाने वाले बच्चों में गीत गायन प्रतियोगिता में प्रथम रहे कृष्ण शर्मा आईडियल

कॉन्वेंट स्कूल, द्वितीय कु. राजेश्वरी मिश्रा प्रोग्रेसिव हाईट्स स्कूल, तृतीय कु. अक्षरा अग्रवाल ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, सांत्वना पुरस्कार- आदित्य शर्मा सीएमराइज, सार्थक विश्वकर्मा , सोम्या सोनी , ज्योति कॉन्वेंट , किंजल पंवार,रत्नश्री,फ्लोरा बॉथम,प्रोग्रेसिव हाईट्स स्कूल, रिया लोधी आईडियल कॉन्वेंट, वेदांश विश्वकर्मा लर्निंग किड्स स्कूल, कृतिका सुनेहरी ज्योति कॉन्वेंट, आयुशी मीना पिता गजराज सिंह मीना पत्रकार विवेकानंद स्कूल, भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम कु. आध्या सक्सेना प्रोग्रेसिव हाईट्स स्कूल, कु. अनुष्का सुमन आई पी एस स्कूल, कु. सिद्धी कसेरा विवेकानंद एकेडमी , सांत्वना पुरस्कार-कु. साक्षी नाविक, तन्वी विश्वकर्मा, प्रीति भिलाला,याचना चड़ावत,भावना साहू लर्निंग किड्स स्कूल, अनाया प्रोग्रेसिव हाईट्स स्कूल, दृश्या गौड़ आई पी एस स्कूल, दीपल गुरगेला ज्योति कॉन्वेंट , परिशि सक्सेना, विधि शर्मा, संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम राम गोपाल मीना ब्यावरा पब्लिक स्कूल , द्वितीय कु. मंजू शिवहरे , तृतीय कु. इच्छा गुप्ता एमटीएम कॉन्वेंट स्कूल, सांत्वना पुरस्कार-राघवेन्द्र शर्मा ब्यावरा पब्लिक स्कूल, कु. मीनाक्षी लववंशी, कु. शिप्रा यादव, तनिष्का गुप्ता, कु. नेहा यादव, कु. हर्षा यादव, कु. सुनेहरी खस, कु. रक्षा गुप्ता, कु. स्नेहलता यादव, कु. भावना गुप्ता एमटीएम कॉन्वेंट स्कूल, विकास बारोठिया, लालू सौंधिया ब्यावरा पब्लिक स्कूल , कु. शिवानी पुष्पद शा. मॉडल उमावि , दिशांत राजपूत मानस हायर सेकेण्ड्री स्कूल, नीतेश चौरसिया सरस्वती शिशु मंदिर को सम्मानित किया गया. इसके साथ ही एमटीएम स्कूल के बच्चों को सामुहिक मंचन के लिये विशेष तोर पर सम्मानित किया गया.

माचलपुर में निकला भव्य पथ संचलन

माचलपुर 03 अक्टूबर, सं. विजयदशमी उत्सव के पावन अवसर पर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन निकाला गया. यह आयोजन केवल उत्सव तक सीमित न रहकर समाज के लिए संगठन, अनुशासन और संस्कृति का सशक्त संदेश लेकर आया. इस अवसर पर मध्य भारत प्रांत विद्या भारती के प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे. अपने उद्बोधन में श्री महेश्वरी ने कहा कि विजयादशमी असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व है. भगवान श्रीराम ने इसी दिन लंका पर विजय प्राप्त कर मर्यादा, साहस और कर्तव्यपालन का आदर्श स्थापित किया. महिषासुर मर्दिनी माँ दुर्गा ने भी इसी दिन धर्म की रक्षा हेतु दुष्टों का संहार किया. इसीलिए विजयदशमी उत्सव हम सभी को अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है.